DAY —— 07 SEAT NUMBER

| 2024 | VII | 24 | 1100 | J-173 | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# HISTORY (38)

Time : 3 Hrs. (8 Pages) Max. Marks : 80

***सूचना :*** *(१) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।*
*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दिए गए हैं।*
*(३) उत्तर पत्रिका में सभी आकृतियों के लिए सिर्फ पेन का ही उपयोग करें।*
*(४) प्रत्येक नए प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।*

**प्र. १. (अ)** निम्नलिखित पर्यायों में से उचित पर्याय चुनकर पूर्ण विधान पुन: लिखिए : (६) **[ १० ]**

(१) १४४० ई. में ——— ने छापखाना (मुद्रणालय) प्रारंभ किया।
(अ) जेम्स वॉट (ब) गुटेन बर्ग
(क) एरिस्टॉटल (ड) होमर

(२) वास्को-दि-गामा ——— का साहसी नाविक था।
(अ) पोलैंड (ब) इंग्लैंड
(क) फ्रांस (ड) पुर्तगाल

(३) बिहार में ब्रिटिश बागानमालिक वहाँ के किसानों पर ——— की बुआई के लिए ज़बरदस्ती करते थे।
(अ) नील (ब) चाय
(क) कॉफी (ड) गन्ना

(४) ऑस्ट्रिया ने १९१४ में सर्बिया के विरुद्ध युद्ध घोषित करने पर ——— ने सर्बिया की सहायता की थी।
(अ) जर्मनी (ब) अमेरिका
(क) हंगेरी (ड) रूस

(५) १९८६ के ——— सम्मेलन में दक्षिण अफ्रीका के पड़ोसी राष्ट्रों की सहायता के लिए 'अफ्रीका कोष' स्थापित किया गया।

(अ) जकार्ता (ब) हरारे

(क) नामीबिया (ड) इंडोनेशिया

(६) वर्ष १९९५ में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से ——— अभियान प्रारंभ किया गया।

(अ) खसरा-रुबेला (ब) पल्स पोलियो

(क) बी.सी.जी. (ड) त्रिगुणीलस

**(ब)** निम्न समूह में से 'ब' गुट की गलत जोड़ी को सुधारकर पुन: लिखिए : (४)

(१)

| | 'अ' गुट | | 'ब' गुट |
|---|---|---|---|
| (i) | कास्मो-द-ग्वार्द | — | पुर्तगाली इतिहासकार |
| (ii) | गोंज़ालो मार्तीस | — | पुर्तगाली वकील |
| (iii) | फ्रांस्वा मार्टिन | — | डच कोठियों का प्रमुख |
| (iv) | हेन्री रेविंग्टन | — | अंग्रेज अधिकारी |

(२)

| | 'अ' गुट | | 'ब' गुट |
|---|---|---|---|
| (i) | श्यामजी कृष्ण वर्मा | — | इंडिया हाऊस |
| (ii) | अरविंद घोष | — | अनुशीलन समिति |
| (iii) | लाला हरदयाल | — | गदर |
| (iv) | स्वातंत्र्यवीर सावरकर | — | हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी |

(३)

| | 'अ' गुट | | 'ब' गुट |
|---|---|---|---|
| (i) | बांडुंग | — | बांडुंग सम्मेलन |
| (ii) | पेरिस | — | १९१९ में प्रथम अखिल अफ्रीकी एकता सम्मेलन |
| (iii) | लंदन | — | १९०० में प्रथम अखिल अफ्रीकी एकता सम्मेलन |
| (iv) | मैनचेस्टर | — | एशियाई एकता सम्मेलन |

(४) ‘अ’ गुट — ‘ब’ गुट

| | ‘अ’ गुट | | ‘ब’ गुट |
|---|---|---|---|
| (i) | अन्ना हजारे | — | राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम |
| (ii) | आर्थर डंकेल | — | विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक |
| (iii) | असीमा चटर्जी | — | भारतीय विज्ञान कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्षा |
| (iv) | फ़ाज़ल अली | — | राज्य पुनर्गठन आयोग |

**प्र. २.** **(अ)** ऐतिहासिक स्थल, व्यक्ति, घटना, आदि संबंधी नाम लिखिए : (४) **[ ८ ]**

(१) ब्रिटिशों ने राजा थिबा को महाराष्ट्र में इस स्थान पर रखा था —

(२) चवदार तालाब के सत्याग्रह का स्थान —

(३) गोवा मुक्ति के लिए भारतीय सेना द्वारा नियोजित सैन्य मिशन का कोड नाम —

(४) द्वितीय विश्व युद्ध में इंग्लैंड, फ्रांस, रूस, अमेरिका राष्ट्रों का गुट —

**(ब)** दिए गए कारणों में से उचित कारण चुनकर विधान पूर्ण कीजिए : (४)

(१) ग्यारहवीं शताब्दी में यूरोप में ईसाईयों द्वारा जैरुशलेम और बेथलेहम पर फिर से कब्ज़ा करने के लिए कई युद्ध लड़े गए क्योंकि ———

(अ) वे अपने राज्य का विस्तार करना चाहते थे।

(ब) इन नगरों को यहूदी, ईसाई एवं मुसलमान पवित्र मानते थे।

(क) वे आम लोगों का समर्थन प्राप्त करना चाहते थे।

(ड) ये शहर विकसित शहर थे।

(२) ब्रिटिश और फ्रांसीसीयों के बीच तीन कर्नाटक युद्ध १७४४ से १७६३ ईसवी के बीच लड़े गए थे क्योंकि –

(अ) दोनों सत्ताएँ कर्नाटक पर नियंत्रण रखना चाहती थीं।

(ब) ब्रिटिश–फ्रांसीसीयों के बीच सातत्यपूर्ण संघर्ष था।

(क) ब्रिटिश–फ्रांसीसीयों दोनों सत्ताओं ने कर्नाटक के नवाब के परिवार के सिंहासन के लिए विवाद मामले में हस्तक्षेप किया।

(ड) दोनों सत्ताएँ कर्नाटक में उपनिवेश स्थापित करना चाहती थीं।

(३) आंजुस (ANZUS) संधि में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका के अतिरिक्त अन्य किसी भी राष्ट्र को प्रवेश नहीं दिया गया, क्योंकि ——

(अ) उन्हें ग्रेट ब्रिटेन एवं फ्रांस का महत्त्व बढ़ने नहीं देना था।

(ब) यह एक सैन्य संधि थी।

(क) यह गुप्त संधि थी।

(ड) यह केवल मित्र देशों के मध्य संधि थी।

(४) भारत के राष्ट्रपति द्वारा राहीबाई पोपेरे को 'नारी शक्ति' पुरस्कार दिया गया क्योंकि ——


(अ) उन्होंने 'कलसूबाई परिसर बीज संवर्धन समिति' के माध्यम से देसी किस्मों के बीजों को संरक्षित करने के लिए काम किया।

(ब) उन्होंने बचत गुट प्रारंभ किया।

(क) उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में प्रभावशाली ढंग से कार्य किया।

(ड) उन्होंने समाज सेवा का कार्य किया।

**प्र. ३.** **(अ)** मानचित्र का निरीक्षण करके दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (५) **[१३]**



(१) हैदराबाद पर किसकी सत्ता थी?

(२) आगरा व दिल्ली पर किसकी सत्ता थी?


(३) जंजीरा पर किसकी सत्ता थी?

(४) पाँडिचेरी पर किसकी सत्ता थी?

(५) भारत के दक्षिण में स्थित महासागर का नाम लिखिए।

**(ब)** निम्नलिखित अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए (कोई चार) : (८)


(१) अवधारणा तालिका पूर्ण कीजिए :





(२) अवधारणा तालिका पूर्ण कीजिए :

| | |
|---|---|
| आर्य समाज | --------------- |
| --------------- | राजा राममोहन रॉय |
| रामकृष्ण मिशन | --------------- |
| --------------- | महात्मा फुले |


(३) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए :



(४) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए :




(५) काल रेखा पूर्ण कीजिए :




(६) तालिका पूर्ण कीजिए :

| | |
|---|---|
| हमीद दलवाई | --------------- |
| --------------- | सुंदरलाल बहुगुणा |
| मेधा पाटकर | --------------- |
| --------------- | डॉ राजेंद्र सिंह |

**प्र. ४.** **(अ)** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई तीन) : (६) **[ १५ ]**

(१) ब्रिटिश गोदाम (कोठी)

(२) प्रतिसरकार

(३) गुट निरपेक्षतावाद

(४) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

(५) खेलो इंडिया

**( ब )** निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : (९)

(१) यूरोपीय राष्ट्रों ने अमेरिका में अपने उपनिवेश स्थापित किए।

(२) भारत में समाज सुधारकों ने जन–जागरूकता पैदा करना शुरू किया।

(३) हैदराबाद रियासत का भारत में विलय कर दिया गया।

(४) इंग्लैंड ने भारत से हटने का फैसला लिया।

(५) सेंटो समझौता भंग कर दिया गया।

**प्र. ५. निम्नलिखित विधानों पर आपका मत स्पष्ट कीजिए ( कोई तीन ) : [ ९ ]**

(१) औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप में आर्थिक राष्ट्रवाद एवं साम्राज्यवाद का उदय हुआ।

(२) मराठा साम्राज्य की नीति उपनिवेशवाद विरोधी थी।

(३) रविंद्रनाथ टैगोर ने 'सर' की उपाधि का त्याग किया।

(४) द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त होते ही नि: उपनिवेशीकरण को अधिक गति प्राप्त हुई।

(५) भारत अंतरिक्ष अनुसंधान क्षेत्र में अग्रणी देश है।

**प्र. ६. निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए ( कोई दो ) : [ १० ]**

(१) यूरोप के धर्मयुद्धों की असफलता के कारण एवं परिणाम स्पष्ट कीजिए।

(२) भारत में पुर्तगाली उपनिवेशीकरण के विषय में विस्तृत जानकारी लिखिए।

(३) सूचना का अधिकार अधिनियम २००५ के विषय में विस्तृत जानकारी लिखिए।

**प्र. ७. दिए गए मुद्दों की सहायता से निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए ( कोई तीन ) : [ १५ ]**

(१) बर्मी युद्धों (ब्रह्मदेश) के विषय में दिए गए मुद्दों की सहायता से विस्तार से लिखिए :

(अ) प्रथम बर्मा युद्ध

(ब) द्वितीय बर्मा युद्ध

(क) तृतीय बर्मा युद्ध

(२) १८५७ के स्वतंत्रता संघर्ष की जानकारी लिखिए :

(अ) कारण

(ब) परिणाम

(३) फ्रांसीसी उपनिवेशों के विलय के बारे में विस्तृत जानकारी लिखिए :

(अ) पुदुच्चेरी (पाँडिचेरी)

(ब) चंद्रनगर

(४) शीतयुद्ध के विषय में विस्तृत जानकारी लिखिए :

(अ) शीतयुद्ध की परिभाषा

(ब) शीतयुद्ध की पृष्ठभूमि

(क) शीतयुद्ध की प्रगति

(५) पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में महाराष्ट्र में हुए प्रयोगों का विस्तृत विवरण लिखिए :

(अ) भाऊ काटदरे और सहयाद्री निसर्ग मित्र

(ब) प्रेमसागर मेस्त्री और सीस्कैप संगठन

◆◆◆